# कार्यालय प्राचार्य, शहीद नंदकुमार पटेल शासकीय महाविद्यालय, बीरगाँव, जिला – रायपुर (छ.ग.)

Email:- govt.college.birgaon@gmail.com, Website-https://snkp.ac.in Contact No.-0771-2999011


बीरगांव, दिनांक 15/01/2026

## प्रतिवेदन

राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के गौरवशाली अवसर पर सुभाष स्टेडियम, रायपुर में भव्य एवं ऐतिहासिक सामूहिक "वंदे मातरम" गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल रायपुर बल्कि संपूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का क्षण बना। कार्यक्रम में रायपुर लोकसभा क्षेत्र से लगभग पाँच लाख नागरिकों ने सहभागिता दर्ज कराई, वहीं सुभाष स्टेडियम परिसर में लगभग 20 हजार विद्यार्थियों की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। सुभाष स्टेडियम का संपूर्ण परिसर राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा हुआ दिखाई दिया। हर आयु वर्ग के नागरिकों की सहभागिता ने यह सिद्ध किया कि वंदे मातरम् आज भी जन–जन के हृदय में बसता है।

मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का मार्गदर्शन –

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल रहे। विशेष अतिथि के रूप में तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब, रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू एवं श्री राजेश मूणत की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने अपने प्रेरणादायी संबोधनों में वंदे मातरम् की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, स्वतंत्रता संग्राम में इसकी भूमिका एवं राष्ट्रनिर्माण में इसके महत्त्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्रहित, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रीय एकता को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाएं।

युवाओं एवं विद्यार्थियों की ऐतिहासिक सहभागिता – कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं युवाओं की बड़ी संख्या में सहभागिता देखने को मिली। लगभग 20 हजार विद्यार्थियों ने एक साथ वंदे मातरम् का सामूहिक गायन कर राष्ट्रीय एकता और अनुशासन का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। यह दृश्य उपस्थित सभी नागरिकों के लिए भावविभोर करने वाला रहा।


















शहीद नंदकुमार पटेल शासकीय महाविद्यालय, बीरगांव की उल्लेखनीय भूमिका – इस ऐतिहासिक अवसर पर शहीद नंद कुमार पटेल शासकीय महाविद्यालय, बीरगांव (रायपुर) की सहभागिता विशेष रूप से सराहनीय रही। महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य डॉ. प्रीति शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में तथा डॉ. कविता कोसरिया, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी (सहायक प्राध्यापक, समाजशास्त्र) एवं सुश्री सोनम बसोड़ (अतिथि सहायक प्राध्यापक, समाजशास्त्र) के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई। NSS स्वयंसेवकों ने अनुशासन, सेवाभाव एवं जिम्मेदारी के साथ विभिन्न व्यवस्थाओं में सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

NSS स्वयंसेवकों का अनुशासित एवं समर्पित योगदान – कार्यक्रम में NSS स्वयंसेवक दलनायक रूपेन्द्र कुमार, उप–दलनायक दीपक पारधी, दलनायिका मुस्कान साहू, रिंकी रजक, उपासना पाल, नीतू राय, कार्तिक साहू, अमर कुमार, अनीता विश्वकर्मा सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे। सभी स्वयंसेवकों ने समयबद्धता, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया।

राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हुआ संपूर्ण वातावरण सामूहिक वंदे मातरम् गायन के दौरान सुभाष स्टेडियम और उसके आसपास का संपूर्ण वातावरण देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव और एकता की भावना से ओत–प्रोत हो गया। यह आयोजन न केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा, बल्कि राष्ट्रप्रेम को जन–जन तक पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम भी सिद्ध हुआ।

कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि राष्ट्रभक्ति केवल शब्दों में नहीं, बल्कि सामूहिक सहभागिता और कर्म से साकार होती है।

Kavita
डॉ. कविता कोसरिया
रा. से. यो. कार्यक्रम अधिकारी

16/2/26
(डॉ. प्रीति शर्मा)
प्राचार्य
शहीद नंदकुमार पटेल
शासकीय महाविद्यालय बीरगांव,
जिला–रायपुर (छ.ग.)

# वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ




















150
Years of
MATARAM
Geo-Tagging Camera
2026/01/15 13:20
Raipur Chhattisgarh India






प्रदर्शनी


AN COFFEE


लाख विद्यार्थियों
वीं वर्षगांठ
MSL
LIC

